## एक नजर में

### सद्गुरू शिव बाबा ही अज्ञात से ज्ञान की ओर ले जाने वाले : कृष्णा दीदी

**मुरैना, 29 जुलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के उपसेवा केंद्र मुड़ियाखेड़ा में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने कहा कि इस सृष्टि पर केवल निराकार परमपिता परमात्मा शिव ही सच्चे सद्गुरू है, जो आत्माओं को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। उन्होंने कहा कि देहधारी मनुष्य पूर्ण गुरु नहीं हो सकता। सच्चा सद्गुरू वही है, जो आत्मा को सद्गति और जीवनमुक्ति का मार्ग दिखाए। राजयोग के अभ्यास से जब आत्मा परमात्मा से जुड़ती है, तब जीवन में सुख, शांति और पवित्रता का अनुभव होता है। कृष्णा दीदी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर परमात्मा को सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा अपने भीतर के विकार, बुरे संस्कार और नकारात्मक भाव समर्पित करना है। यही सच्ची गुरु दक्षिणा है। कार्यक्रम में मुड़ियाखेड़ा, खुर्द, जींगनी, जेबराखेड़ा, तुस्सीपुरा और परीक्षा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी, निकेता दीदी और नीतेश भाई ने भी सतगुरु शिव बाबा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



### शहर में जलभराव मिलने पर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**मुरैना।** नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने मंगलवार सुबह शहर का निरीक्षण कर जलभराव और सफ ाई व्यवस्था का जायजा लिया। एमएस रोड, वनखंडी रोड और गर्ल्स स्कूल रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को फटकार लगाई। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के दौरान शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि किसी क्षेत्र में जलभराव पाया गया तो संबंधित एसआई स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बारिश को देखते हुए शहर के सभी बड़े-छोटे नालों और नालियों की सफाई कराई जा चुकी है। इसके बावजूद यदि कहीं पानी भरने की स्थिति बनती है तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। आयुक्त ने बताया कि वे प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शहर का भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी करते हैं और जहां भी गंदगी या कचरा मिलता है, वहां तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए जाते हैं।



### खाद लेने पहुंचीं महिला हुई बेहोश, अब थाने से बंटेगा खाद

**मुरैना/अंबाह।** खरीफ सीजन में खाद की बढ़ती मांग के बीच अंबाह प्रशासन ने किसानों की सुविधा के लिए वितरण व्यवस्था बदल दी है। कृषि उपज मंडी स्थित मार्कफेड गोदाम पर भारी भीड़ और उमस के कारण हुई अव्यवस्था के बाद बुधवार से थाना परिसर में दो काउंटर बनाकर ई-टोकन, भुगतान और पीओएस सत्यापन की व्यवस्था शुरू की गई। सुबह से 700-800 किसान खाद लेने पहुंचे, जिससे लंबी कतारें लग गईं। इसी दौरान कतार में लगी फराश मोहल्ला निवासी सुनीता सखवार गर्मी और उमस के कारण चक्कर खाकर गिरी और बेहोश हो गई। डायल-112 की टीम उन्हें सिविल अस्पताल ले गई, जहां उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई। घटना के बाद कलेक्टर लोकेश जांगिड़ के निर्देश और एसडीएम प्रतिज्ञा शर्मा के मार्गदर्शन में नई व्यवस्था लागू की गई। तहसीलदार और थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह की मौजूदगी में थाना परिसर से खाद वितरण शुरू कराया गया। महिला और पुरुष किसानों के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गईं।



### महापौर ने किया ननि दफ्तर का निरीक्षण, कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**मुरैना।** महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने बुधवार सुबह 10 बजे निगम मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत राजस्व शाखा से की। जहां कई कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित मिले। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि पिछले कई दिनों से कर्मचारियों और अधिकारियों के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के साथ निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी।



### अवैध शराब-बीयर के साथ एक युवक पकड़ा

**मुरैना।** टेंटरा थाना पुलिस ने 27 जुलाई को ग्राम जाबरौल से शिवसिंह पुत्र सोना माहौर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से देशी शराब के 20 क्वार्टर और बीयर की 09 बोतलें बरामद कीं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सांप के काटने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गरीब का पुरा निवासी महिला फूलवती देवी 36 पत्नी जीतू सखवार को 28 जुलाई को किसी जहरीले सांप ने काट लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचें, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### रास्ता रोककर महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**मुरैना।** नगरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दोहर्रा के मजरा जसवंत नगर निवासी महिला बिट्टी देवी 60 पत्नी विजयपाल सिंह चौहान की 28 जुलाई को रायसिंह, अभिलाख सिंह चौहान ने रास्ता रोककर गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### पोरसा में हर्षोल्लास से मनाई गई दक्ष प्रजापति की जयंती

**मुरैना/पोरसा।** नगर के जौटई रोड स्थित प्रजापति धर्मशाला में बुधवार को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती पहली बार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। समारोह में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वक्ताओं ने महाराजा दक्ष प्रजापति को सृजन, संगठन और लोककल्याण का प्रतीक बताते हुए समाज से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा, संस्कार, सामाजिक एकता और आपसी सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों ने युवाओं से समाज सेवा, संगठन की मजबूती और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने की अपील की।



### संस्कार केन्द्रों पर मनाया गया गुरू पूर्णिमा का पर्व

**मुरैना।** सेवा भारती द्वारा संचालित लक्ष्मीनारायण मंदिर पुराना जौरा एवं बाल्मीकि बस्ती स्थित संस्कार केंद्रों पर गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने मधुर स्वर में देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्कार केंद्रों की भूमिका की सराहना की। शिक्षिका आयुषी शर्मा और काजल ने केंद्रों की गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर पार्षद दामोदर, कदम सिंह, बंटी रावत, जगदीश शुक्ला, राजपाल रावत, राजीव गर्ग, मयंक अवस्थी एवं अनुज सिकरवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

गुरू पूर्णिमा

# गुरू चरणों में उमड़ा आस्था का महासैलाब





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा पर अंचल के देवस्थानों पर बुधवार को गुरू के चरणों में शीश झुकाने के लिए आस्था का महासैलाब उमड़ा। अंचल के प्राचीन करहधाम, मुरैनागांव स्थित दाऊजी मंदिर समेत तमाम देवस्थान और गुरू स्थानों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती देखी गई। करहधाम में मंगलवार रात से शुरू हुआ श्रद्धालुओं का कारवां बुधवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन के अनुसार ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जबकि दो लाख से अधिक लोगों ने महाभंडारे में प्रसादी ग्रहण की। भीड़ के दबाव के चलते मुरैना से बानमोर तक यातायात प्रभावित रहा और पवाया गांव से टिकटोली तक करीब एक घंटे जाम लगा रहा। करहधाम आश्रम पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। एडीएम अश्वनी कुमार रावत के मुताबिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए 300 से अधिक पुलिसकर्मी, एक एसडीएम, पांच तहसीलदार, 50 पटवारी और इतनी ही संख्या में कोटवार तैनात किए गए थे। करहधाम परिसर और मार्ग में 25 से अधिक स्थानों पर भंडारे व सेवा शिविर संचालित थे।

**करहधाम पहुंचे ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु, कई घंटे लगा रहा जाम**

#### 20 भट्टियों पर पककर तैयार हुआ महाभंडारे का प्रसाद

गुरू पूर्णिमा के मौके पर करहधाम में आयोजित महाभंडारे में 20 विशाल भट्टियों पर 300 मन आटे के मालपुआ, 125 मन गुड़, 250 मन आलू की सब्जी, 280 मन दूध, 7 मन चावल और 60 मन शक्कर से प्रसादी तैयार की गई। हजारों स्वयंसेवकों ने दिनभर भोजन तैयार करने और वितरण की व्यवस्था संभाली।

#### जिलेभर के मंदिरों में भी रही भीड़

करहधाम के अलावा पोरसा के नागाजी मंदिर, जौरा के गैपरा आश्रम, बानमौर, कैलारस, पहाड़गढ़ और रामपुरकलां सहित जिले के प्रमुख मंदिरों और आश्रमों में भी गुरु पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारों का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गुरु वंदना कर आशीर्वाद लिया और प्रसादी ग्रहण की।

### 86 क्वार्टर देशी शराब के साथ 3 युवक गिरफ्तार

**मुरैना, 29 जुलाई।** सिहौनिया पुलिस ने 28 जुलाई को ग्राम छत्ते का पुरा में दुकान से शराब का अवैध रूप से विक्रय करते हुए रामकेश जाटव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से देशी शराब के 23 क्वार्टर जब्त किए। एक अन्य कार्रवाई में सिविल लाईन पुलिस ने अंबाह बायपास रोड से देवेन्द्र गुर्जर निवासी नायकपुरा, मोनू सिकरवार निवासी बागचीनी को देशी शराब के 63 क्वार्टर के साथ पकड़ा। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किए है।

**रास्ता रोककर नवयुवक की मारपीट, धमकी : मुरैना।** नूराबाद क्षेत्र के ग्राम लौहगढ़ निवासी अजय गुर्जर 18 पुत्र पप्पू सिंह गुर्जर की 28 जुलाई को राजेश, प्रदीप गुर्जर ने रास्ता रोककर गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

## अज्ञान का अंधकार मिटाकर गुरू देते हैं ज्ञान का प्रकाश : पं. गोविंद



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा नगर मुरैना में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ कथावाचक पं. गोविंद जी ने कहा कि गुरु अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। गु का अर्थ अंधकार और रू का अर्थ उसका नाश करने वाला है। गुरु ही शिष्य को सत्य और साधना का मार्ग दिखाते हैं।

**सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गुरू पूर्णिमा महोत्सव**

उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास ने वेदों का वर्गीकरण कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य उपहार दिया। विद्यालय के प्राचार्य-प्रबंधक सुनील दीक्षित ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का संबंध भगवान शिव के आदिगुरु स्वरूप और महात्मा बुद्ध के प्रथम उपदेश से भी जुड़ा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। अंत में दिनेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, भैया-बहिन समिति तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## बाइक में छुपा था सांप, पकड़ने की कोशिश में युवक को डंसा



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** शहर के रामनगर क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक बाइक से अचानक सांप निकल आने से अफरा-तफरी मच गई। सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहे एक युवक को उसने उंगली में डस लिया। इसके बाद युवक ने पत्थर से सांप को मार डाला, लेकिन कुछ देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।

घायल युवक ने अपनी पहचान नेमसिंह जाटव (42) निवासी ग्राम बरेथा के रूप में बताई। हालत बिगड़ने के बावजूद वह अस्पताल जाने को तैयार नहीं था। मौके पर मौजूद प्रदीप माहौर, किन्नू और अंशुल ने तत्परता दिखाते हुए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। अस्पताल स्टाफने परिजनों को सूचना देकर नेमसिंह को वार्ड में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उसका उपचार जारी है। समय पर अस्पताल पहुंचने से उसे तत्काल इलाज मिल सका।

**शहर के रामनगर इलाके की घटना, युवक अस्पताल में भर्ती**

## मारपीट कर युवक का अपहरण, बंधक बनाकर पीटा, केस दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** बाइक टकराने के मामूली विवाद ने मारपीट और कथित अपहरण का रूप ले लिया। फरियादी आदित्य सिंह चौहान (21) निवासी संजय कॉलोनी मुरैना ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बुधवार दोपहर करीब 12.45 बजे जिम चौराहे से घर जाते समय उसकी मोटरसाइकिल को दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी।

शिकायत के अनुसार बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद को लेकर महिन्द्रा एक्सयूवी क्रं. एमपी07-जेडएन-2974 में सवार होकर आए मुकेश कुशवाह, संजय यादव, देवेन्द्र कुशवाह सहित एक अन्य ने उसके साथ मारपीट की, शोर सुनकर उसका दोस्त विपुल सेंगर मौके पर पहुंचा, पीड़ित आदित्य का कहना है कि चारों युवक उसे जबरन कार में बैठाकर केआर गार्डन ले गए, जहां उन्होंने आदित्य की कमरे में बंद करने के बाद मारपीट की। पुलिस ने आदित्य की शिकायत पर मुकेश, संजय देवेन्द्र सहित एक अन्य के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

## डेयरी, चिलिंग सेंटर, किराना स्टोर पर कार्रवाई, लिए सेम्पल



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विशेष अभियान के तहत बुधवार को शहर की डेयरियों, चिलिंग सेंटर और किराना स्टोर पर जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी, पनीर, मिश्रित दूध और शरबत सहित सात नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाए भोपाल भेजे।

कार्रवाई के दौरान जय मां दुर्गे दुग्ध डेयरी महाराजपुर रोड से घी, महाराजपुर रोड पर बिजलीघर के पास स्थित यादव दुग्ध डेयरी से पनीर, न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में गुरूकृपा किराना स्टोर से पतंजलि गाय का घी, पारस देसी घी और स्ट्रॉबेरी शरबत के नमूने लिए गए। इसी क्रम में औद्योगिक क्षेत्र में अमित आइस फैक्ट्री में संचालित वीआरएस फूड्स लिमिटेड चिलिंग सेंटर में मिल्क टेंकर और सायलो से मिश्रित दूध के दो नमूने संग्रहित किए गए। अंतिम कार्रवाई अंबाह बायपास रोड आजाद नगर में बालाजी पेठा भंडार पर हुई। टीम ने यहां से पेठा का सैंपल लिया। अधिकारियों ने मौके पर चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला और मैजिक बॉक्स से दूध की प्रारंभिक जांच भी की। दूध विक्रेताओं को मिलावट की पहचान के सरल तरीके बताए और पंपलेट वितरित कर जागरूक किया।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की कार्रवाई, जांच के लिए भोपाल जाएंगे सेम्पल**

## विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्परिणाम, दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** एसडीओपी कैलारस उमेश मिश्रा के निर्देशन में पहाड़गढ़ थाना पुलिस ने विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के अभियान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना था।

**पहाड़गढ़ पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान**

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि नशे की लत केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करती है। विद्यार्थियों को खेल, शिक्षा, योग और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उनसे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या सेवन की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर पहाड़गढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सोनम तोमर, शिक्षक साहिल लवानिया सहित विद्यालय के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान नशामुक्ति मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया गया।

## अंबाह में आस्था का सैलाब, चातुर्मास कलश स्थापना आयोजित

**मुरैना/अंबाह, 29 जुलाई।** जैन बगीची में बुधवार को आर्यिका रत्न संगममति माताजी ससंघ के सानिध्य में चातुर्मास कलश स्थापना महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से हजारों श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। मंगलाचरण और गुरु वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में बालिकाओं ने धार्मिक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। प्रवचन में माताजी ने धर्म, संयम, अहिंसा और आत्मकल्याण का संदेश देते हुए चातुर्मास को आत्मचिंतन और साधना का श्रेष्ठ काल बताया। मंत्रोच्चार और विधि-विधान के बीच कलश स्थापना हुई तो पूरा परिसर जिनेंद्र भगवान और गुरु मां के जयघोष से गूंज उठा। शाम को वात्सल्य भोज आयोजित किया गया। चातुर्मास समिति अध्यक्ष जिनेश जैन ने बताया कि अंबाह के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि आर्यिका रत्न संगममति माताजी का चातुर्मास यहां हो रहा है। उन्होंने बताया कि चातुर्मास अवधि में नियमित रूप से धार्मिक प्रवचन, पूजा-अर्चना, स्वाध्याय, संस्कार शिविर एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवा पीढ़ी धर्म और संस्कृति से जुड़ सकेगी।



### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**मुरैना।** पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धौंधा में 28 जुलाई को अर्जुन जाटव 30 पुत्र मोतीराम जाटव ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सदस्यता ही संगठन की रीढ़ है, इसे मजबूत बनाएं : परिहार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 जुलाई।** मप्र शिक्षक संघ के वार्षिक सदस्यता अभियान का शुभारंभ बुधवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खांडौली से किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार ने शिक्षकों को संगठन की नीति, रीति और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है।

**मप्र शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान प्रारंभ**

जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कहा कि सदस्यता ही संगठन की रीढ़ है और संगठन सर्वोपरि है। उन्होंने अधिक से अधिक शिक्षकों से सदस्यता ग्रहण कर अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान शिक्षकों ने वेतन, पदोन्नति, क्रमोन्नति, डीए, एरियर और अन्य सेवा संबंधी समस्याएं भी रखीं। जिलाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि इन मुद्दों को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। संगठन ने जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों से अभियान से जुड़कर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की।


## आम सूचना

श्री सुनील गुर्जर पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह गुर्जर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित शिकारपुर, शहर नगर मुरैना, ग्राम शिकारपुर, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.30 (नायडू वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.560/1 ग्राम शिकारपुर है एवं जिसका क्षेत्रफल 1320 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में भूखण्ड तोमर, पश्चिम में भूखण्ड कुशवाह, उत्तर में-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री छोटेलाल एवं श्री गुलकन्दी पुत्रगण श्री गदुआ के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गुलकन्दी द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री वासुदेव एवं श्री सुल्तान पुत्रगण श्री गिरवर एवं श्री भारत सिंह पुत्र श्री गुलकन्दी के हित में नोटराईज्ड वसीयतनामा विलेख दिनांक 20.06.2014 को सम्पादित किया गया। श्री गुलकन्दी का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 20.06.2014 के अनुसार, श्री वासुदेव एवं श्री सुल्तान पुत्रगण श्री गिरवर एवं श्री भारत सिंह पुत्र श्री गुलकन्दी उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री सुल्तान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री योगेन्द्र सिंह जाटव पुत्र श्री रामचित्र सिंह जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792023ए 11704340 दिनांक 11.04.2023 से विक्रय की गई। श्री योगेन्द्र सिंह जाटव द्वारा उक्त सम्पत्त श्री सुनील गुर्जर पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह गुर्जर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 27 आईजीआर 17912025ए100630087 दिनांक 21.07.2025 से विक्रय की गई। श्री सुनील गुर्जर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आदित्य बिडला कैपिटल लिमिटेड एसएमई (एसटीएसएल लैप) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन,** एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास,
सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710